सत्यमेव जयते

दूरसंचार विभाग
संचार मंत्रालय
भारतसरकार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2024
आवेदन हेतु आमंत्रण

1. दूरसंचार विभाग (संचार मंत्रालय,भारत सरकार) भारत के नागरिकों और भारत में पंजीकृत संगठनों/संस्थाओं या केंद्र/ राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा बनाए गए संगठनों/संस्थाओं से पिछले तीन वर्षों के दौरान दूरसंचार नवाचारों,कौशल विकास, सेवाओं, विनिर्माण, विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, वाणिज्य, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के लिए दूरसंचार आधारित समाधानों के परियोजन में उनके उल्लेखनीय और असाधारण योगदान के लिए **पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2024** के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

2. प्रत्येक पुरस्कार स्वरूप एक शाल, प्रशस्ति पत्र/पट्टिका और दो लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी। पुरस्कार समिति द्वारा उपयुक्त उम्मीदवार/उम्मीदवारों का चयन किए जाने के अन्तर्गत,अधिकतम पाँच पुरस्कार दिए जाएँगे।

3. पुरस्कार प्राप्तकर्ता को उनके निवास स्थान से उस स्थान, जहां पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा, तक आने-जाने के लिए हवाई जहाज का किराया दिया जाएगा और आकस्मिक व्ययों के लिए 7500/- रुपए की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी।

4. आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल, यथा https:// www.awards.gov.in. पर ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2024 को 23:59 बजे तक है।

5. कृपया अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट https:// www.awards.gov.in पर "विनियम" का अवलोकन करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

निदेशक (एसडी एंड ई), दूरसंचार विभाग, कमरा सं. 216, दूसरा तल, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, ओल्ड मिंटो रोड, नई दिल्ली-110002,
मोबाइल: 9868114666 , ईमेल: dirsde-dot@gov.in

cbc - 06201/11/0004/2425